## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण

**मैहर।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर,अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन जिला मैहर द्वारा माध्यमिक शाला अरकंडी में बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। संस्था पिछले तीन वर्षों से निरंतर शीतकाल में यह सेवा कार्य संचालित कर रही है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती गीता संतोष सोनी,अभिषेक सोनी,प्रदेश प्रेसिडेंट डॉ.बी.एल. द्विवेदी,संरक्षक दिलीप त्रिपाठी,चेयरमैन सुरेश सिंह तोमर,संरक्षक दिनेश मिश्रा सहित एसोसिएशन की टीम के सदस्य और विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को ठंड से बचाना और उन्हें उनके मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करना है।संस्था के सदस्यों ने इस नेक कार्य को आगे भी जारी रखने का संकल्प दोहराया।

### सुआ में बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन और डिजिटलाइजेशन की जानकारी

**मैहर।** भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार,ग्राम सभा सुआ विधानसभा 66 अमरपाटन में विनोद कुमार पटेल, बीएलओ और मास्टर ट्रेनर ने मतदान केंद्र 39 सुआ की एसआईआर मतदाता सूची का वाचन विशेष ग्राम सभा में किया। नायब तहसीलदार आर.पी. पांडेय की अध्यक्षता में और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलएओ एवं मतदाताओं की उपस्थिति में यह प्रक्रिया पूरी की गई। बीएलओ ने डिजिटलाइजेशन कार्य की जानकारी दी और अनुपस्थित,मृतक,और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं सहित कुल 14 विसंगतियों को संकलित किया। मतदाता सूची का वाचन करने के बाद उसे सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा भी किया गया। बीएलओ ने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि यदि जानकारी में कोई विसंगति हो तो तुरंत अवगत कराएं।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

सतना। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 11दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## मंत्री जी का 'पारिवारिक प्रेम' या 'सत्ता का कवच'?

### 'सत्यमेव जयते' पर भारी पड़ा 'झूठमेव जयते'? राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी पर क्यों उठ रहे सवाल!

# गांजा तस्करी में भाई जेल में पर 'माननीय' कह रहीं-'मेरा भाई नहीं!'

**सतना। सतना की राजनीति में भूचाल लाने वाला एक ऐसा मामला सामने आया है,जिसने राज्य की एक कद्दावर युवा राज्यमंत्री की सत्यनिष्ठा पर सीधा सवाल खड़ा कर दिया है।पूर्व मंत्री स्वर्गीय जुगुल किशोर बागरी की सगी नातिन और मौजूदा राज्यमंत्री,प्रतिमा बागरी,अपने सगे भाई अनिल बागरी के गांजा तस्करी के आरोप में जेल जाने के बाद भी खुलेआम इस रिश्ते से इनकार कर रही हैं।**



सवाल यह है कि सत्ता के गलियारों में 'शुचिता' का दावा करने वाली मंत्री महोदया, एक सार्वजनिक और पारिवारिक सत्य को झुठलाने पर क्यों उतारू हैं? मामले की गंभीरता तब और बढ़ जाती है जब यह पता चलता है कि यह केवल एक भाई का मामला नहीं है,बल्कि पूरा परिवार कथित तौर पर मादक पदार्थों की तस्करी के जाल में फंसा हुआ है। भाई अनिल बागरी हाल ही में गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार हुए और वर्तमान में सतना जेल में एनडीपीसी एक्ट के तहत बंद हैं। जीजा शैलेंद्र सिंह प्रतिमा बागरी की बड़ी बहन, प्रियंका बागरी के पति हैं। प्रियंका ने शैलेंद्र सिंह से लव मैरिज की थी। शैलेंद्र सिंह पर भी गांजा और कोरेक्स तस्करी के कई गंभीर आरोप हैं,जिन पर सतना और उत्तर प्रदेश में मामले दर्ज हैं। वह फिलहाल उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में एनडीपीसी एक्ट के तहत बंद है। पुलिस जांच में अनिल बागरी के जीजा शैलेंद्र सिंह को भी आरोपी बनाया गया है।यह साफ संकेत देता है कि जीजा और साले मिलकर मादक पदार्थों का संगठित कारोबार करते थे।

### 'वो मेरा भाई नहीं है'-यह झूठ क्यों?

मंत्री प्रतिमा बागरी द्वारा अपने भाई अनिल बागरी के रिश्ते से साफ इनकार करना सबसे बड़ा और तीखा सवाल है। जबकि...पारिवारिक सत्य यह है कि अनिल बागरी,स्वर्गीय जुगुल किशोर बागरी के दूसरे भाई,जीवन बागरी के बेटे हैं,और प्रतिमा बागरी के सगे भाई हैं। 6 महीने पहले ही एक वीडियो सार्वजनिक हुआ था,जिसमें प्रतिमा बागरी अपने भाई अविनाश बागरी के घर पुत्र रत्न की प्राप्ति के अवसर पर नाचती हुई दिखाई दे रहीं हैं। इस वीडियो में उनके पिता और उनके दोनों भाई,जिसमें अनिल बागरी भी शामिल हैं,साफ तौर पर नजर आ रहे थे। पारिवारिक जश्न में सगे संबंधियों के बीच डांस करने वाली मंत्री अब कैमरे के सामने इस रिश्ते को क्यों नकार रही हैं? पारिवारिक सूत्रों के हवाले से यह भी बताया जाता है कि मंत्री प्रतिमा बागरी का जुगल किशोर बागरी के परिवार से राजनीतिक विरोध लंबे समय से चलता आ रहा है। यह भी ज्ञातव्य है कि प्रतिमा के माता-पिता कांग्रेस के करीबी रहे हैं। सवाल यह है कि क्या मंत्री अपने पद और राजनीतिक भविष्य को बचाने के लिए एक कड़वे पारिवारिक सच को दरकिनार कर रही हैं? या फिर,यह सत्ता का वह अहंकार है जो उन्हें सरेआम झूठ बोलने की हिम्मत दे रहा है,जबकि पूरा प्रदेश जानता है कि सच क्या है!

## फोबिया से पीड़ित यात्री का ट्रेन के टॉयलेट में हंगामा



**सतना। वाराणसी से कोयंबटूर जा रही स्पेशल ट्रेन (06006) में बुधवार को एक यात्री ने जमकर हंगामा कर दिया। यात्री एस 4 कोच के टॉयलेट में घुस गया, अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और टॉयलेट के अंदर चीजें तोड़ने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही सतना स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने उसे हिरासत में ले लिया।**

**घबराकर तोड़ा टॉयलेट का सामान**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक अचानक घबरा गया और टॉयलेट में बंद होकर जोर-जोर से चिल्लाने लगा। इसी दौरान उसने टॉयलेट के कांच, खिड़की और अन्य सामान तोड़ दिया। यात्रियों ने शोर सुनकर तुरंत रेलवे कर्मचारियों को इसकी सूचना दी। ट्रेन के सतना स्टेशन पर पहुंचने पर पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर युवक को बाहर निकाला। आरोपी युवक फोबिया से पीड़ित है। आरपीएफ उसके परिवार से संपर्क बनाने का प्रयास कर रही है। यात्री का नाम संदीप चौधरी वाराणसी का रहने वाला है। वह वाराणसी से नागपुर जांच में पता चला कि युवक फोबिया जैसी मानसिक समस्या से पीड़ित है और उसके पास टिकट भी नहीं था।आरपीएफ की पूछताछ में उसने बताया कि उसे दौरा पड़ने जैसा लगा और अपनी जान को खतरा महसूस हुआ, जिसके चलते घबराकर उसने ऐसा किया। पुलिस ने बिना टिकट यात्रा करने और रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए युवक के खिलाफ कार्रवाई की है।आरपीएफ उसके परिवार से संपर्क कर रही है और युवक की मानसिक हालत को देखते हुए आगे की कार्रवाई सावधानी से की जाएगी।

## दो बाइक की भिड़ंत में दो लोगों की दर्दनाक की मौत





### एक मौके पर, दूसरे ने रीवा अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा

**सतना।** जसो थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात सड़क हादसे में दो बाइक सावर की मौत हो गई। जसो-दुरेहा मार्ग पर दोनों बाइक आमने-सामने भिड़ गईं। इस हादसे में सुरदहा निवासी धर्मेंद्र कोल की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि बमुरहिया निवासी रवि कुशवाहा को गंभीर हालत में रीवा के संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया,जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार,दोनों बाइक चालक अपने-अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान एक मोड़ पर उनकी बाइकों में टक्कर हो गई। राह गीरों ने डायल 112 पर घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने धर्मेंद्र कोल के शव को पोस्ट मॉर्टम के लिए भेजा। गंभीर रूप से घायल रवि कुशवाहा को नागौद सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।जिला अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर ने रवि की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रीवा रेफर किया। संजय गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान रवि की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अस्पताल गेट पर एंबुलेंस में प्रसव, नहीं मिला स्ट्रेचर



### प्रसूता दर्द से कराहती रही, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

**सतना।** सरदार वल्लभ भाई पटेल सरकारी जिला अस्पताल में बुधवार को स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुल गई। अस्पताल के गेट पर एक प्रसूता को स्ट्रेचर नहीं मिलने के कारण जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस में ही प्रसव कराना पड़ा। प्रसूता लगभग 20 मिनट तक प्रसव पीड़ा से कराहती रही। जानकारी के अनुसार,रामपुर चौरासी गांव निवासी साधना यादव को प्रसव पीड़ा होने पर आशा कार्यकर्ता केतकी बाई जननी एक्सप्रेस क्रमांक सीजी 04 एनजेड 6041 से दोपहर लगभग 12 बजे जिला अस्पताल लेकर आईं। एंबुलेंस अस्पताल के गेट पर खड़ी थी।

### प्रसव के बाद वार्ड में कराया भर्ती

आशा कार्यकर्ता केतकी बाई लेबर रूम से स्ट्रेचर की व्यवस्था करने गईं,लेकिन उन्हें बताया गया कि स्ट्रेचर खाली नहीं है और कुछ देर बाद भेजा जाएगा। जब आशा कार्यकर्ता एंबुलेंस के पास लौटीं,तो प्रसूता साधना यादव प्रसव पीड़ा से कराह रही थीं। प्रसूता की गंभीर हालत देखकर,अस्पताल की आया और परिवार की महिलाओं की मदद से एंबुलेंस में ही उनका सामान्य प्रसव कराया गया। जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ बताए जा रहे हैं। प्रसव के बाद,जच्चा और बच्चा को एंबुलेंस से वार्ड में शिफ्ट किया गया। इस मामले में जब जिला अस्पताल प्रशासक से संपर्क करने का प्रयास किया गया,तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## कलेक्टर ने समय-सीमा और सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा की

**मैहर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों सहित विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए,ताकि लंबित मामलों का समय पर और प्रभावी ढंग से निराकरण किया जा सके। बैठक में कार्यों की प्रगति,गुणवत्ता और जनता को मिलने वाली सुविधाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।इस दौरान अपर कलेक्टर सुश्री संजना जैन,एसडीएम मैहर श्रीमती दिव्या पटेल,अमरपाटन डॉ.आरती सिंह,रामनगर एसपी मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर जनता से जुड़े सभी महत्वपूर्ण प्रकरणों का समाधान सुनिश्चित करें और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

## उत्तर प्रदेश की अवैध धान से मैहर के स्थानीय किसान परेशान



**मैहर।** शासन-प्रशासन की कड़ी निगरानी और चेकपोस्टों पर विशेष सतर्कता के दावों के बावजूद, मैहर में व्यापक पैमाने पर उत्तर प्रदेश की धान की आवक हो रही है। बताया जा रहा है कि ट्रकों और मिनी ट्रकों के माध्यम से यह धान मुख्यतः रात के अंधेरे में मैहर सहित कई कृषि उपज मंडियों में लाई जा रही है। स्थानीय दलालों की मिलीभगत से यह अवैध धान किराए के आधार कार्ड और फर्जी पंजीकरण के जरिए स्थानीय किसानों के नाम पर उपार्जन केंद्रों में बेची जा रही है। केंद्रों पर अचानक बढ़े स्टॉक,स्थानीय उत्पादन से अधिक जमा धान और नए पंजीकृत किसानों की संख्या में वृद्धि ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। इस अवैध आवक के कारण स्थानीय किसानों को स्लॉट नहीं मिल पा रहे हैं,तौल में देरी हो रही है,और केंद्र क्षमता पूरी होने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने पूरे नेटवर्क को सामने लाने के लिए जीपीएस लोकेशन और पंजीकरण डेटा की जांच की मांग की है।

**कलेक्टर और एसपी ने धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया**

कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड और पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने अचानक पहाड़ी और नादन धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खरीदी की व्यवस्था,सुरक्षा प्रबंधों और केंद्र पर किसानों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने किसानों से बात कर उनकी समस्याओं को सुना और केंद्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि खरीदी प्रक्रिया पारदर्शिता और सुगमता से हो रही है,और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विशेष रूप से अवैध धान की आवक को रोकने और सीमावर्ती चेकपोस्टों पर निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए ताकि स्थानीय किसानों के हितों की रक्षा हो सके।

## मैहर आगमन पर जीतू पटवारी और कमलेश्वर पटेल का भव्य स्वागत



**मैहर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल के मैहर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह स्वागत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धर्मेश घई और सेवा दल जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे,जिनमें पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मनीष पटेल,रश्मी सिंह,चूड़ामणि बढोलिया,गुड्डु सिंह,और सनी घई सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे। नेताओं के आगमन ने स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया। स्वागत कार्यक्रम में पार्टी की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर अनौपचारिक चर्चा हुई,जो मैहर क्षेत्र में कांग्रेस की गतिविधियों को और गति देने का संकेत है।

## मैहर विधायक ने देवरा में आरसीसी सड़क का भूमिपूजन किया



**मैहर।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा में 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली आरसीसी सड़क का भूमिपूजन मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने किया। विधायक ने इस कार्य को ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह नई सड़क न केवल यातायात को सुगम बनाएगी बल्कि ग्राम की प्रगति और सशक्त स्थानीय शासन की नींव भी मजबूत करेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,मंडल अध्यक्ष प्रसन्न सिंह,अम्बुज द्विवेदी,और अन्य जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक चतुर्वेदी ने ग्रामवासियों की आशाओं और सहभागिता की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि यह निर्माण आने वाले वर्षों में क्षेत्र की विकास यात्रा को और गति देगा।

### ट्रांसपोर्ट व्यवसाय की समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक 12 को

**कटनी।** ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के संचालन एवं समस्याओं के निराकरण हेतु शुक्रवार 12 दिसंबर 2025 को सायं 4 बजे से कलेक्टर कार्यालय के नवीन सभागार में सम्माननीय जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है।

Presiding Officer : श्री गंगा चरण दुबे
rcs hm/33/2024
मयंक द्विवेदी पिता श्री रमा कांत द्विवेदी निवासी बिजुरी वार्ड क्रमांक 11 बिजुरी तहसील कोतमा जिला अनूपपुर म.प्र.
Vs
श्री मति प्रिया तिवारी पति मयंक द्विवेदी निवासी मैहर झण्डा टोला थाना व तहसील मैहर जिला मैहर म.प्र.
इश्तहार
पेशी दिनांक:- 19/12/2025
आवेदक मयंक द्विवेदी पिता श्री रमा कांत द्विवेदी निवासी बिजुरी वार्ड क्रमांक 11 बिजुरी तहसील कोतमा जिला अनूपपुर म.प्र. ने न्यायालय में आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 09 हिन्दू विवाह अधिनियम के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं।
अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस अनावेदक के विरुद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 19-12-25 को दिन में 11:00 बजे स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो, उपसंजात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त अनावेदक श्री मति प्रिया तिवारी पति मयंक द्विवेदी निवासी मैहर झण्डा टोला थाना व तहसील मैहर जिला मैहर की सुनवाई और उसका निपटारा एकपक्षीयआम जनता को सूचित किया जाता है रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा।
यह आज तारीख 10/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।
सील
(श्री गंगा चरण दुबे)
प्रथम जिला एवं अतिरिक्त न्यायाधीश
कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

## सतना स्मार्ट सिटी को 'एक्सीलेंस इन अर्बन वाटर मैनेजमेंट' के लिए मिला नेशनल अवॉर्ड




**सतना।** सतना स्मार्ट सिटी को ASSOCHAM और जल शक्ति मंत्रालय,भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'नेशनल वाटर अवार्ड' में 'एक्सीलेंस इन अर्बन वाटर मैनेजमेंट' श्रेणी के लिए प्रतिष्ठित नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवॉर्ड सतना स्मार्ट सिटी द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे वाटर स्काडा प्रोजेक्ट के तहत ITRON एप्लीकेशन का उपयोग करके ट्रांसमिशन लाइन के वाटर लॉस एनालिसिस और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में सेंसर द्वारा जल गुणवत्ता की निगरानी में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया। कलेक्टर एवं ईडी सतना स्मार्ट सिटी डॉ.सतीश कुमार एस एवं शेर सिंह मीणा के मार्गदर्शन में,सतना स्मार्ट सिटी ने यह उपलब्धि हासिल की। 08-09 दिसंबर को नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय अवॉर्ड सेरेमनी में महापौर योगेश ताम्रकार,सीएफओ सत्यम मिश्रा,मैनेजर ई-गवर्नेंस दीपेंद्र सिंह राजपूत और उपयंत्री विद्युत अश्विनी सिंह ने शामिल होकर यह सम्मान प्राप्त किया। पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री (जल शक्ति मंत्रालय) डॉ.राज भूषण चौधरी रहे। यह सम्मान सतना शहर के नागरिकों को बेहतर जल प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## खबर संक्षेप

### मनौर में गरीब महिलाओं को बांटे कंबल



**पन्ना।** जिला प्रशासन के सौजन्य से गत दिवस मनौर में गरीब, विधवा एवं असहाय महिलाओं को कंबल का वितरण किया गया। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं एसडीएम संजय कुमार नागवंशी ने जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित किए। इस दौरान शीतऋतु में ठंड से बचाव के लिए आवश्यक उपाय बरतने की सलाह भी दी गई।

### बड़वारा मोड़ के पास ऑटो रिक्शा पलटने से 3 लोग घायल



**पन्ना।** देवेंद्रनगर थाना क्षेत्रांतर्गत बड़वारा मोड़ के पास तेज गति से अनियंत्रित होकर ऑटो पलटने से 03 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। घायल भिलसाय व बड़वारा के बताए जा रहे हैं। गौरतलब हैं कि इस समय नगर सहित ग्रामों में अधिक संख्या में ऑटो रिक्शा हो जाने के कारण उसमें मनमाने ढंग से सवारियां बैठाई जाती हैं और तेज गति से वाहन चलाते हैं जिससे आए दिन हादसे होते हैं। पूर्व में भी कई ऑटो पलट चुके हैं और लोगों की जान जा चुकी है। पुलिस और यातायात विभाग को इन ऑटो चालकों पर चालानी कार्यवाही करनी चाहिए,जिससे इन पर लगाम लगाई जा सकें।

## कलेक्टर ने पारदर्शिता के साथ कार्यवाही संपादित करने के दिए निर्देश

# शहरी भूमिहीन व्यक्तियों को मिलेगा आवासीय भूमि का पट्टा

**पन्ना। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार 31 दिसम्बर 2020 की स्थिति में शासकीय, नगर पालिका अथवा विकास प्राधिकरणों की भूमि पर वास्तविक रूप से निवासरत भूमिहीन एवं आवासहीन गरीब व्यक्तियों को आवासीय भूमि का पट्टा प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। यह लाभ राजस्व विभाग द्वारा मान्य भूमि संबंधी दस्तावेज के आधार पर निर्धारित तिथि को भूमि पर कब्जा रखने वाले व्यक्ति को प्रदान किया जाएगा। स्वयं अथवा परिवार के किसी सदस्य के नाम पर भूमि अथवा मकान का स्वामित्व नहीं रखने वाले व्यक्तियों को ही अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवासीय पट्टों का वितरण होगा।**



शासन के निर्देशानुसार पात्र हितग्राहियों के चयन के लिए सर्वेक्षण की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। साथ ही सर्वेक्षण दलों का गठन भी किया गया है। प्रारंभिक सर्वेक्षण सूची पर आपत्तियां और सुझावों पर निर्णय के लिए भी जिला मुख्यालय के नगरीय क्षेत्र के लिए कलेक्टर तथा अन्य नगरीय क्षेत्रों के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय टीम गठित की गई है। सर्वेक्षण दल द्वारा गत 20 नवम्बर से सर्वेक्षण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। 13 दिसम्बर तक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। 14 दिसम्बर को प्रारंभिक तथा 29 दिसम्बर को अंतिम सर्वेक्षण सूची प्रकाशित की जाएगी। जिले में पट्टा प्रदान करने के लिए भी समय सारणी जारी की गई है, जिसके तहत वांछित कार्यवाही पूर्ण कर 4 जनवरी से 20 फरवरी तक पट्टो का वितरण किया जाएगा।

### नगरीय निकायवार सर्वेक्षण दल गठित

कलेक्टर ऊषा परमार ने नगरीय क्षेत्र में पट्टा वितरण कार्रवाई के लिए नगरीय निकायवार दल का गठन किया गया है। साथ ही भूमिहीन व्यक्तियों को आवासीय भूमि के पट्टे दिए जाने के लिए पारदर्शिता के साथ संपूर्ण कार्यवाही के संपादन तथा समुचित प्रचार-प्रसार के संबंध में निर्देशित किया गया है। नगरीय निकायों के वार्ड समूहवार तहसीलदार को दल प्रमुख बनाया गया है। इस दल में राजस्व निरीक्षक, पटवारी, उपयंत्री और वार्ड प्रभारी भी शामिल हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को वार्डवार वांछित कार्यवाही के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुभाग पन्ना अंतर्गत नगरीय निकायों में सर्वेक्षण के लिए गठित दल की बैठक गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना द्वारा ली गई। इस मौके पर एसडीएम संजय कुमार नागवंशी ने नगरीय निकाय पन्ना, देवेन्द्रनगर एवं ककरहटी के दल के सदस्यों को नियमानुसार समय सीमा में वार्डवार सर्वेक्षण पूर्ण कर सर्वेक्षण सूची 14 दिसम्बर के पूर्व विभागीय वेबसाइट में अपलोड करने के निर्देश दिए।

# शहर में हुई तीन बड़ी चोरियों की घटनाओं का किया खुलासा

### 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल
### आरोपियों के कब्जे से 96000 का मशरूका किया गया जप्त

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन मे गठित पुलिस टीम द्वारा पन्ना शहर में हाल ही में हुई तीन बड़ी चोरी की घटनाओं का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से कुल 96,000/- का चोरी गया मशरूका जप्त कर न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र मे हुई तीन बड़ी चोरियो का खुलासा किया गया है जिनमें। 1. अपराध क्रमांक 737/25, धारा 331(4), 305। ठछै जिसमें फरियादिया निवासी इन्द्रपुरी कॉलोनी पन्ना ने दिनांक 26.08.25 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके किराए के घर में दो नकाबपोश आरोपी घुसकर अलमारी तोड़कर लगभग 20,000/- मूल्य का पुराना मंगलसूत्र चोरी कर ले गए। 2. अपराध क्रमांक 792/25, धारा 303(2) ठछै जसमें फरियादी योगेन्द्र सिंह परमार की मो.सा. डच्35डश्र8470



(बजाज ब्क 110) उनके घर के बाहर से दो अज्ञात चोर ताला तोड़कर ले गए। 3. अराध क्रमांक 794/25, धारा 331(4), 305। ठछै जिसमे फरियादी की कबाड़ की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लगभग 50-60 किलो तांबा-पीतल (कीमत करीब 50,000/-) चोरी कर ले गए। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए विशेष पुलिस टीम गठित कर मामले के आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये। जिस पर थाना प्रभारी कोतवाली रोहिता मिश्रा के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा शहर एवं घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया एवं साइबर सेल पन्ना की तकनीकी सहायता व मुखबिर तंत्र की सूचना के आधार पर तीनों आरोपियों को चिन्हित कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने तीनों घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया, जिसके आधार पर चोरी गया मशरूका बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा सभी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

**गिरफ्तार आरोपी-**1. इसरार खान उर्फ चिलम खान, उम्र 20 वर्ष, निवासी बाड़ी कॉलोनी पन्ना 2. शेख शाहिद उर्फ मोहम्मद चाँद, उम्र 19 वर्ष, निवासी सतना3. रिजवान खान, उम्र 22 वर्ष, निवासी बीडी कॉलोनी पन्ना

जप्त मशरूका-01. चोरी गई मोटर सायकिल मो.सा. डच्35डश्र8470 (ब्क 110) कीमती करीब 60,000/-02. तांबा एवं पीतल 28 किलोग्राम कीमती 22,000/03. नगदी 14,000/- (कुल मूल्य 96,000/-)

**सराहनीय योगदान-** थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा,प्र.आर. बृषकेतू रावत, संदीप तिवारी, खेमचन्द्र राय, शिवस्वरूप तिवारी, जयपाल सिंह, संतोष तोमर, पुष्पेन्द्र मौर्य,आर. अशोक सिंह, महेन्द्र चढार, संदीप पटेल, राहुल सूर्यवंशी,सुजीत यादव, अभिषेक यादव, घनश्याम पटेल तथा साइबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।



### पवई नगर के प्रसिद्ध व्यापारी संतोष जैन बने भारतीय व्यापार परिसंघ के ब्लॉक अध्यक्ष

**पवई।** भारतीय व्यापार परिसंघ(क्लैट) के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल की अनुमति और जिला प्रभारी मनीष दोषाज की अनुशंसा पर बुधवार को पवई नगर के प्रसिद्ध व्यापारी और नव भारत के वरिष्ठ पत्रकार संतोष जैन वार्ड क्रमांक एक भारतीय व्यापार परिसंघ क्लैट का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आपके ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर नगर के सभी व्यापारियों में हर्ष का माहौल व्याप्त है। सभी के द्वारा उन्हें बधाईयां प्रेषित की जा रही है। सभी ने उन्हें मिठाई खिला कर बधाई दी। इस अवसर पर नगर के व्यापारी मधु गुलाब सोनी,पंकज गुप्ता, गणेश डेंगरे,संदीप खरे,बद्दे ताम्रकार, अनूप छिलौल्या,बलराम छिरौल्या,रविन्द्र अग्रवाल,लखन सेठिया,पुनीत सोनी,दीपक सोनी, राकेश पाठक,अजित जैन,अजित बड़ोलिया,मनोज जयसवाल,अभिषेक अग्रवाल, अनूप शुक्ला,विनय शंकर सिंह परिहार , अजय श्रीवास्तव ,अजित जैन झंडाबाजार , दिनेश जैन, अनिल जैन , राकेश देंगरे , मोनू नगायच ,भइयन नगायच , सुरेन्द्र सिंह देव सिंह सज्जन नगायच संतोष सिंह विजय जैन निक्की जैन सहित पवई के समस्त व्यापारी बंधुओ ने बधाइयां प्रेषित की

# सकारात्मक पहल- सांसद प्रतिनिधि ने दिलाई उम्मीद



### दो दिन के अंदर सड़क मरम्मत कार्य शुरू होने का आश्वासन

**देवेन्द्रनगर।** लगातार बढ़ती समस्याओं को देखते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष शिवबालक नायक (बबलू भाई), सचिव शिरीष अग्रवाल, मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, संरक्षक कमलेश जैन, पत्रकार सुधीर अग्रवाल सहित एक प्रतिनिधि मंडल ने सांसद प्रतिनिधि तारेंद्र शेखर पाठक से मुलाकात की। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अरविन्द सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक में सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद प्रतिनिधि पाठक ने तत्काल नेशनल हाईवे के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कलेक्टर से फोन पर बात की। अधिकारियों ने देवेंद्रनगर की जनभावना को गंभीरता से लेते हुए दो-चार दिनों के भीतर सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। यह बैठक अत्यंत सार्थक और सकारात्मक रही। स्वास्थ्य एवं शिक्षा में भी अच्छे संकेत बैठक में यह भी बताया गया कि- देवेंद्रनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन शीघ्र किया जाएगा। महाविद्यालय में कला संकाय के साथ अन्य संकायों और स्नातकोत्तर कक्षाओं के प्रारंभ की प्रक्रिया तेज की जा रही है। सांसद महोदय ने इन दोनों कार्यों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया है।

### बाईपास रोड की मांग भी सांसद तक पहुंची

व्यापार मंडल ने देवेंद्रनगर बाईपास रोड की पुरानी मांग को भी सांसद प्रतिनिधि के समक्ष रखा। इस पर भी सकारात्मक प्रयास शुरू होने का भरोसा मिला है, जिससे नगरवासियों में नई आशा जगी है। जनता की सरल अपेक्षा कृ 'काम तो होना ही है, शुरुआत देवेंद्रनगर से की जाए' नगरवासियों का कहना है कि वे किसी विशेष सुविधा की मांग नहीं कर रहे। वे केवल चाहते हैं कि सड़क निर्माण का कार्य नगर की सीमा से शुरू हो ताकि दैनिक जीवन में तुरंत राहत मिल सके। यह एक सरल, न्यायसंगत और पूर्णतः व्यावहारिक मांग है, जिसे प्रशासन ने सहजता से स्वीकार कर दो-चार दिन के अंदर कार्य प्रारंभ होने का तत्काल आश्वासन दिया।

# आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर रावण के बयान पर अजयगढ़ क्षेत्र में आक्रोश

**अजयगढ़।** गत दिनों दतिया जिले के इंदरगढ़ में आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर रावण द्वारा प्रदेश के विवादित आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के समर्थन में यह कहा गया कि यदि प्रदेश सरकार संतोष वर्मा के खिलाफ कोई कार्यवाही करती है तो हर घर से संतोष वर्मा निकलेंगे संतोष वर्मा एक विवादित अधिकारी है उनके ऊपर कई प्रकरण चल रहे हैं न्यायालय के साथ धोखाधड़ी भी कर चुके हैं 6 माह जेल भी रह चुके हैं महिलाओं ने भी उनके साथ धोखाधड़ी का आरोप लगाकर के थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी एक जाति विशेष खासकर ब्राह्मण समाज की बेटियों के बारे में भी अपमानजनक बयान बाजी कर चुके हैं ऐसे व्यक्ति के समर्थन में सांसद चंद्रशेखर क्या सिद्ध करना चाहते हैं । इस तरह की बयान बाजी करके समाज में जातिगत विवाद पैदा करना चाहते हैं सामाजिक एकता को नष्ट करना चाहते हैं आखिर हर घर से संतोष वर्मा जैसी विवादित अधिकारी क्यों निकालना चाहिए स्वामी विवेकानंद डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सरदार वल्लभभाई पटेल चंद्रशेखर आजाद सरदार भगत सिंह अशफाक उल्ला खान सुखदेव राजगुरु रामप्रसाद बिस्मिल खुदीराम बोस जैसे राष्ट्रवादी विचारक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी निकालना चाहिए ऐसे व्यक्तित्व




निकालना चाहिए जो समाज को सही दिशा दे सके समाज को विवाद पैदा करने वाले व्यक्ति नहीं चाहिए ना संतोष वर्मा जैसे ना सांसद चंद्रशेखर जैसे उक्त उद्गार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिषद के अध्यक्ष श्री राम पाठक ने चंद्रशेखर रावण सांसद नगीना लोकसभा क्षेत्र उत्तर प्रदेश द्वारा विवादित आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के समर्थन में दिए गए बयान पर व्यक्त किया श्री पाठक ने चंद्रशेखर पर सामाजिक विवाद पैदा करने प्रदेश का शांतिपूर्ण वातावरण नष्ट करने का भी आरोप लगाया उन्होंने कहा कि ऐसे विवादित व्यक्तियों को प्रदेश में सभा सम्मेलन करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि इनकी विवादित भाषा शैली से समाज में आक्रोश उत्पन्न होता है सांसद चंद्रशेखर रावण द्वारा संतोष वर्मा का समर्थन किए जाने पर अजयगढ़ क्षेत्र के जाने-माने एडवोकेट राकेश कुमार गर्ग रामलीला समिति के संरक्षक संजय कुमार सु ले रे ले इंद्रपाल शुक्ला गोपाल स्वरूप तिवारी राजेंद्र तिवारी रमेश शुक्ला राम भवन मिश्रा भोला गौतम अनिल मिश्रा ठाकुर मलखान सिंह संतोष कुमार मिश्रा रामकिशोर तिवारी सिंहपुर अरविंद द्विवेदी शीतल शुक्ला राजा पाठक उमाशंकर तिवारी नीतू त्रिवेदी बिल्लू गोस्वामी वीरेंद्र द्विवेदी महेंद्र कुमार मिश्रा नीरज रावत कमलेश द्विवेदी पंकज मिश्रा प्रबल नारायण चतुर्वेदी नीरज गुप्ता सुरेश गुप्ता परशुराम ब्रिगेड के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल मिश्रा विकास मिश्रा सुशील मिश्रा ने गहरा आक्रोश जताया है और प्रदेश सरकार से सांसद चंद्रशेखर रावणऔर आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# कोतवाली थाना क्षेत्र में बिक्री हेतु मादक पदार्थ (गाँजा) लिये पाये जाने वाले 3 आरोपियों के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

### आरोपियों के कब्जे से करीब 5 किलो 700 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) एवं 01 अपाचे मोटर साइकिल सहित करीब 2 लाख 15 हजार रूपये का मशरूका जप्त

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) लिये पाये जाने पर 03 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थ (गाँजा) के परिवहन, विक्रय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति 02 पिट्ठू बैग में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) बेचने के लिये मोटर साइकिल से देवेन्द्रनगर तरफ से पन्ना आ रहे हैं। थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम को एकत्रित करके मुखबिर के बताये अनुसार डी टी अस्पताल पन्ना के सामने पन्ना देवेन्द्रनगर रोड पर पहुँचकर




गोपनीय तरीके से आने जाने वाले व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखी गई। कुछ देर बाद देवेन्द्रनगर तरफ से एक अपाचे मोटर साइकिल में 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुये दिखे । पुलिस टीम द्वारा मोटर साइकिल को रोककर संदिग्ध व्यक्तियों से पूँछताछ की गई । पूँछताछ पर संदेहियो ने अपना-अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया ।पुलिस टीम द्वारा संदेही व्यक्तियो के पिट्ठू बैग की तलाशी लिये जाने पर दोनो बैग अलग-अलग 02-02 पैकेट में कुल वजनी करीब 5 किलो 700 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) पाया गया। पुलिस टीम द्वारा दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के बताये अनुसार अवैध मादक पदार्थ की खरीदी विक्री में शामिल आरोपिया को पन्ना से गिरफ्तार किया जाकर तीनो आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली पन्ना में अपराध क्रमांक 1011/25 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी** - सुरेन्द्र सिंह यादव पिता श्री रामबगस यादव निवासी देवेन्द्रनगर जिला दृ पन्ना (म.प्र.)

1. रवि अहिरवार पिता श्री रामकिशोर अहिरवार निवासी वार्ड नम्बर 04 देवेन्द्रनगर जिला पन्ना (म.प्र.)।

2. दीपा कुशवाहा निवासी आगरा मोहल्ला पन्ना

जप्त सामग्री दृ पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल वजनी करीब 5 किलो 700 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 01 लाख 15 हजार रूपये एवं घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की अपाचे मोटर साइकिल कीमती करीब 01 लाख रूपये सहित कुल मशरूका कीमती करीब 2 लाख 15 हजार रूपये का जप्त किया गया है।

### सराहनीय योगदान

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, उनि रचना पटेल, सउनि कुंजबिहारी कोल, प्र.आर. वृषकेतु रावत, शिवस्वरूप तिवारी, आइमात सेन, आर. दिलीप शर्मा, अभिषेक यादव, महेन्द्र चढ़ार, प्र. आर. चालक मुन्ना, बृजगोपाल बागरी, महिला आर. रंजना, यज्ञवती एवं अन्य थाना स्टाफ सहित पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम के कार्य की सराहना की गई है।

### बालक हुआ लपाता, गुमशुदगी का मामला दर्ज, तलाश जारी



**अमानगंज।** पन्ना जिले की गुनौर विधानसभा अंतर्गत आने वाले जसवंतपुरा ग्राम निवासी एक 4 वर्षीय बालक घर से बिना किसी को कुछ बताएं कहीं चला गया है। फरियादी राजू कोरी ने अमानगंज पुलिस थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि, मैं द्वारी ग्राम मजदूरी करने गया था तभी दोपहर में पत्नी का फोन आया कि 4 वर्षीय बालक दुर्गेश्व उर्फ सोरभ घर से कहीं चला गया है जिसका पता नहीं लग रहा है परिवार जनों ने आसपास बच्चे की तलाश की मगर 4 वर्षीय वालक कहीं नहीं मिला है। 9/12/2025 से लापता है, वहीं पूरे मामले को लेकर आज पुलिस ने गुमसुदगी कायम कर उक्त बालक की तलाश शुरू कर दी है।

### अधीक्षण अभियंता पन्ना ने किया अमानगंज विद्युत केंद्र का निरीक्षण दिए यथा उचित निर्देश

**अमानगंज।** विद्युत केंद्र में ट्रांसफार्मर की कमी और शिकायतों को देखते हुए अधीक्षण अभियंता पन्ना प्रमोद कुमार गेडाम ने बुधवार दोपहर 1रू00 बजे अमानगंज विद्युत केंद्र को मौके पर पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिजली व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम तुरंत लागू करने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता श्री प्रमोद ने ट्रांसफार्मर बदलने में हो रही देरी पर जल्द समस्या का समाधान करने के लिए कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध निपटारा विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने लाइन स्टाफ को निर्देशित किया कि क्षतिग्रस्त व जले ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलकर प्रभावित क्षेत्रों में नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करें।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा विश्व मानव अधिकार दिवस मनाया

**पवई।** प्रदेश अध्यक्ष महोदय अशोक सिंह जी के आदेश अनुसार महिला संभाग अध्यक्ष श्री संगीता जायसवाल जी की उपस्थितिमें आज दिनांक 10.12.2025 को पवई सांदीपनि विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा विश्व मानव अधिकार दिवस मनाया गया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य महोदय जी का सहयोग प्राप्त हुआ जिसमें संगठन के पदाधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षकाओ के बीच मानव अधिकार की संपूर्ण जानकारी दी गई कि मानव अधिकार की आवश्यकता क्यों पड़ी एवं इसका विस्तार कब किया गया एवं यह भी बताया गया कि हमारा संगठन किन-किन उद्देश्यों पर कार्यरत है विश्व मानव अधिकार का गठन 1948 में किया गया था जो की आज 77 व मानव अधिकार दिवस मनाया गया तथा छात्र एवं छात्राओं को समझाया गया कि शिक्षा आश्रय भोजन पानी एवं धर्म की स्वतंत्रता हमारे संविधान में दी गई है जो हमारे जन्मसिद्ध अधिकार है इसे हमसे कोई छीन नहीं सकता है और हमारा संगठन बाल मजदूरी बाल विवाह रिश्वतखोरी दहेज प्रथा कन्या भ्रूण हत्या खाद्य पदार्थों में मिलावट धर्म की स्वतंत्रता केप्रति लगातार कार्यरत है और कार्यक्रम के अंत में नारे भी लगाए गए वंदे मातरम जय हिंद जय भारत एवं जब कोई ना सुने तब मानव अधिकार चुने इस कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी गणों के नाम महिला संभाग अध्यक्ष सुश्री एडवोकेट



संगीता जायसवाल जी संभाग कानूनी सलाहकार एडवोकेट श्री राधिका प्रसाद पटेल जी संभाग वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र अहिरवार जी संभाग उपाध्यक्ष एडवोकेट श्री पुण्य प्रताप सिंह परमार जी जिला मंत्री सुश्री रश्मि सिंह ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश सिंगरौली जी ब्लॉक सदस्य सहित अन्य पदाधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे एवं सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य महोदय श्री रामकृष्ण नगायच जी शिक्षकश्री सुखसागर जी मेडिएटर अधिवक्ता श्रीमती रूप नगायच जी सहित संपूर्ण स्टाफ छात्र एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### होटल मैनेजमेंट पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

**छतरपुर।** खजुराहो में फूड प्वाइज़निंग के मामले में तीन होटल कर्मचारियों की मौत के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गौतम होटल मैनेजमेंट के खिलाफ गैर हरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। एडिशनल एसपी आदित्य पटले ने बताया कि मृतकों का पोस्टमार्टम राजनगर और ग्वालियर अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से कराया गया है। पुलिस ने बताया कि मृत कर्मचारियों का बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है, जिसे जांच के लिए सागर भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है और होटल मैनेजमेंट की भूमिका को लेकर कई बिंदुओं पर गंभीरता से पड़ताल की जा रही है जबकि अन्य बीमार कर्मचारियों का इलाज ग्वालियर मेडिकल कॉलेज में जारी है।

### आत्मनिर्भर भारत अभियान सह जीएसटी बचत उत्सव आज

**दमोह।** वाणिज्य कर अधिकारी ने बताया आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत जीएसटी बचत उत्सव का आयोजन आज 10 दिसंबर को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम में व्यापारियों, उद्यमियों और विद्यार्थियों को जीएसटी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी तथा आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित होंगी।

### आज सुबह 9 बजे मैहर के लिए रवाना होगा भक्तों का जत्था

**तेंदूखेड़ा।** आज तेन्दूखेड़ा नगर से मां शारदा देवी के भक्तों का जत्था मैहर वाली मां शारदा के दर्शन के लिए रवाना होगा। जो वार्ड क्रमांक 6 मढियाघाट हनुमान से भक्त पैदल यात्रा करके मैहर जाएंगे। भागीरथ पड़ा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी आज बड़ी संख्या में भक्तों का जत्था सुबह 9 बजे मढिया घाट हनुमान मंदिर में एकत्रित होंगे और पूजा अर्चना के बाद जत्था मैहर के लिए रवाना होगा।

### निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच के लिए दिया आवेदन

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा हजारी में विगत 2 वर्षों के अंदर निर्माण कार्य के लिए राशि निकाली गई लेकिन अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हो पाए है जिनकी निष्पक्ष एजेंसी दवारा जांच कराई जाये। पंचायत में निर्माण कार्य जो स्वीकृत है जिसमें कोडरमणी ग्राम में परकुलेशन टेक है जिसमें करीब 9 लाख 50 हजार रुपये के मस्टर रोल से भुगतान, हनुमान मंदिर का अधूरा सी सी सड़क जिसमें करीब 3 माह पहले पैसा निकल गया लेकिन अभी तक कार्य पूर्ण नहीं,नाली निर्माण कार्य सीताराम के घर से मेन रोड तक अधूरी, कोडरमणी में भागीरथ के घर से मेन रोड,गेब्रियन बाल गेरा नाला, खैरे के नाला के पास अधूरा डाला,रतिराम के घर से सी. सी सड़क अधूरी नल कनेक्शन सोकता पेड़ सिर्फ 2 बने 1 कोडरमणी व एक सेमरा में,सोहन पटेल के घर से हनुमान मंदिर की और सीसी सड़क के पैसे निकाल लिए 3-4 माह हो गये लेकिन नहीं बना, ग्राम में पिछले वर्षों से नाडेप की राशि निकल गई लेकिन अभी तक नहीं बनाए गए कोडरमणी में एक भी नही बना, वृक्षारोपण कार्य सिर्फ कागजों पर किया गया। तलैया हार बच्चों के स्कूल की बाउंड्री वॉल 77000 हजार निकल गये लेकिन अभी तक निमार्ण कार्य नहीं रुआ। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा दिनांक 28 अगस्त 2025 को आवेदन आपके कार्यालय व जिला पंचायत/जनपद पंचायत सीईओ को दिया गया लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नही हुई आवेदक मर्दान अहिरवार द्वारा पुनः मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की

### उन्नत कृषि तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**दमोह।** हाईडलवर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड यूनिट नरसिहगढ़ के सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) अन्तर्गत संचालित बाएफ एकीकृत पशु उत्थान कार्यक्रम के तहत ग्राम सतपारा में एक दिवसीय एकीकृत पशु उत्थान कार्यक्रम एवं उन्नत कृषि तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सभी पशुपालक बन्धुओ ने भाग लिया। जिसमे पशुओं में होने वाली बिमारी एवं उनके लक्षण और उपचार के बारे में विस्तार से प्रिंस कुमार सिंह **AVFO** पथरिया एवं उन्नत कृषि तकनीकी के बारे में रोहित पाल कृषि विस्तार अधिकारी पथरिया द्वारा सभी प्रकार के योजनओं के बारे में बताया गया।

## मानवाधिकार के क्षेत्र में कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

# मानवाधिकार संस्थान द्वारा निकाली गयी जन जागरूकता रैली

विश्व मानवाधिकार दिवस अवसर पर मानवाधिकार प्रशासनिक संस्थान नई दिल्ली द्वारा मानव अधिकारों के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिये एक विशाल वाहन रैली निकली गयी। रैली को सचिब विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु प्रसाद सोलंकी एवं नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

छतरपुर।




इस रैली का उद्देश्य लोगों को गुणवत्ता युक्त दैनिक आवश्यकताओं के प्रति सचेत एवं जागरूक करना था। शहर के विभिन्न स्थानो पर रैली में शामिल राष्ट्रीय पदाधिकारियों का स्वागत विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा फूल माला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा करके किया गया। आयोजक प्रकाश जैन एवं पंकज कुमार जैन ने बताया कि आज का आयोजन लोगो को संविधान द्वारा प्रदत्त अपने मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता लाना था। संस्थान के माध्यम से छतरपुर इकाई आने वाले समय मे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को इन अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास करेगी। रैली के उपरांत मानवाधिकार प्रशासनिक संस्थान द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर एस सोनी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सोनी, राष्ट्रीय महासचिव कमलेश सोनी, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र पांडेय, राष्ट्रीय प्रमुख युवा मोर्चा अविरल सोनी, जनसंपर्क अधिकारी हरिहर प्रसाद, प्रदेश प्रभारी अजय कुशवाहा, प्रदेश महासचिव मो. इस्लाउद्दीन सौदागर, बैजनाथ कुशवाहा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर गांधी आश्रम में निवासरत सत्यसोधन आश्रम के वच्चो को गर्म कपड़ों की किट का वितरण एवं मानवाधिकार के क्षेत्र में कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आरएस सोनी ने कहा कि सबसे पहले हमे स्वयं अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहना होंगा उन्हें पहचानना होंगा एवं उन्हें हासिल करने का प्रयास करना होगा।

## खाद लेने जा रहे किसान के बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत



**छतरपुर।** थाना महाराजपुर क्षेत्र के सूडा गांव निवासी खेमचंद्र रैकवार (23) पिता बाबूलाल रैकवार की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 8 तारीख की सुबह करीब 6 बजे खेमचंद्र अपने साथी सत्यम कुशवाहा के साथ खाद लेने सूडा से लवकुशनगर जा रहे थे। इसी दौरान उमरया के पास एक ई-रिक्शा और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई।

दुर्घटना में खेमचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके साथ मौजूद सत्यम कुशवाहा को कोई चोट नहीं आई। परिजन घायल को पहले अपने निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर रेफर किया गया। परिजन पहले झांसी लेकर गए, इसके बाद मंगलवार शाम 7 बजे ग्वालियर पहुंचे, जहां उसका इलाज किया गया। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे हालत बिगडन्ने पर डॉक्टरों ने खेमचंद्र को मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। परिवार और गांव में घटना से शोक का माहौल है।

## आईएएस संतोष वर्मा पर कार्रवाई न होने से ब्राह्मण समाज दुखी

# नहीं हुई कार्यवाही, दोबारा शुरू हुआ धरना–अनशन

नौगांव।

आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन मिलने के बाद भी तय समय सीमा में कार्यवाही न होने पर नगर के पुलिस थाना परिसर के सामने स्थित पॉलिटेक्निक हनुमान मंदिर प्रांगण में

आईएएस संतोष बर्मा के कथित अभद्र बयान के विरोध में नौगांव में जारी आंदोलन एक बार फिर शुरू हो गया है। समाज द्वारा प्रशासन को दी गई 2 दिसंबर की समय-सीमा पूरी होने के बाद भी जब कोई कार्यवाही नहीं हुई, तो बुधवार दोपहर से दोबारा धरना और अनशन शुरू कर दिया गया। थाने के सामने स्थित पॉलिटेक्निक हनुमान मंदिर प्रांगण में समाजजन बड़ी संख्या में एकत्र हुए और "बहन–बेटियों के सम्मान में हिंदू सनातनी योद्धा मैदान" नाम से आंदोलन का दूसरा चरण प्रारंभ किया।



बुधवार दोपहर को मंदिर परिसर में पहुंचते ही महिलाओं और युवाओं ने हनुमान चालीसा पाठ और शांतिपूर्ण अनशन की शुरुआत की। कुछ ही देर में जगह पर भीड़ बढ़ने लगी और पूरे माहौल में विरोध के साथ-साथ भक्ति स्वर भी गूंजने लगे। समाजजनों का कहना था कि वे पिछले कई दिनों से प्रशासन के निर्णय का इंतज़ार कर रहे थे, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से धैर्य की सीमा टूट गई। आंदोलन को अगुवाई कर रहे युवा दीपू शर्मा ने कहा कि हमने प्रशासन को पूरा समय दिया, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। यह सिर्फ एक समाज का नहीं, हमारी बहन–बेटियों के सम्मान का मुद्दा है। अब अनशन एफआईआर होने तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन समाज अब पीछे नहीं हटेगा। धरना स्थल पर अन्य समाजों के लोग भी पहुंचे और समर्थन व्यक्त किया। राजपूत, यादव, वैश्य और कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह मामला संवैधानिक आचरण और सामाजिक गरिमा से जुड़ा है, इसलिए हर स्तर पर इसका समर्थन किया जाएगा। इस पूरे मामले में पुलिस के अधिकारी हालात पर नज़र बनाए हुए हैं, हालांकि एफआईआर न होने को लेकर प्रशासन की चुप्पी चर्चाओं का विषय बनी हुई है। धरना स्थल पर देर शाम तक हनुमान चालीसा और नारेबाजी जारी रही। धरना पर बैठे युवाओं का कहना है कि आंदोलन का यह चरण अब तब तक जारी रहेगा जब तक एफआईआर दर्ज नहीं हो जाती। यदि प्रशासन फिर भी सुनवाई नहीं करता, तो आंदोलन को जिला और प्रदेश स्तर पर बड़े रूप में ले जाने की रणनीति तैयार है। अनशन प्रदर्शन में पंकज नामदेव, संदीप राजपूत, प्रयाग पाठक, ऋतुराज, सत्यकेतु, मोनू मिश्रा, अनिल पटेरिया सहित अनेक युवा, युवतियां महिलाएं सहित समाज के अन्य लोग पहुंचकर प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं।

## ठेकेदार व एमपीआरडीसी अधिकारियों को मौके पर लगाई फटकार

# घटिया पैचिंग वर्क पर भड़की क्षेत्रीय विधायक



घुवारा।

घुवारा क्षेत्र के बमनोरा से हीरापुर जाने वाली सड़क पर बड़े गड्ढों के कारण सरकार द्वारा पैचिंग वर्क कराया जा रहा है। इस कार्य को छतरपुर के ठेकेदार सुभाष पांडे द्वारा करवाया जा रहा था। कार्य की गुणवत्ता को जांचने आज क्षेत्रीय विधायक रामसिया भारती मौके पर पहुंचीं, जहां बीते रोज डाले गए मटेरियल की पोल खुल गई।विधायक के हाथों में ही बिटुमन सहित पैचिंग में उपयोग किया गया मटेरियल आसानी से निकल आया, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। कांग्रेस विधायक भारती ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ठेकेदार समेत एमपीआरडीसी के जिम्मेदार अधिकारियों को मौके पर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने मीडिया से कहा कि यदि जनता को ऐसे घटिया निर्माण कार्य के जरिए मूर्ख बनाया गया, तो यह मुद्दा सदन तक उठाया जाएगा। यह सड़क नेशनल हाइवे सागर-ओरछा मार्ग से होते हुए हीरापुर व दमोह तक जाती है, जिसका लगभग 8 किलोमीटर का पैचिंग व मरम्मत कार्य बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने भी सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर नाराजगी जताते हुए आरोप लगाया कि बिना मानक का मटेरियल डालकर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

# बंद ही रहती है पुरातत्व विभाग की लाइटें

## तालाब के फुटपाथ पर अंधेरे में निकलने को मजबूर पर्यटक

खजुराहो।

विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में भारतीय पुरातत्व विभाग के अधीन साइलेंट जोन के अंदर स्थित प्राचीन चंदेलकालीन शिवसागर तालाब के घाट और फुटपाथ पर लगी लाइटें बंद ही रहती हैं। गौरतलब है कि खजुराहो में देशी विदेशी पर्यटकों की सुविधाओं और पुरातत्व संपदा की सुंदरता के लिए लाइटें लगाई गई हैं। इसी कड़ी में भारतीय पुरातत्व विभाग के अधीन प्राचीन शिव सागर तालाब के अंदर लाइटिंग वाला फाउंटेन तथा घाटों पर लाइट के साथ तालाब के किनारे बने फुटपाथ पर लाइट के शो लैंप लगाए गए हैं, जो तालाब की सुंदरता को तो बढ़ाते हैं साथ ही पर्यटकों को तालाब किनारे पैदल चलने में रोशनी भी प्रदान करते हैं,लेकिन पुरातत्व विभाग की लापरवाही के चलते ये



लाइटें बंद ही रहती हैं। कई बार विभागीय जिम्मेदारों के संज्ञान में दिलाई भी गई लेकिन इनकी कार्यप्रणाली पर कोई अंतर नहीं पड़ा हद तो तब हो गई जब खजुराहो में 8 और 9 दिसंबर में प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक भी हुई इस दौरान शासन के सभी विभागों ने अपने संस्थानों की रंगाई पुताई करके लाइटें दुरुस्त कर दी, लेकिन पुरातत्व विभाग की ये लाइटें चालू नहीं हुई। गौरतलब है कि इसी तालाब के पानी में मगरमच्छ भी है जो लगातार टापू और घाटों पर रोजाना देखा जा रहा है, अब देखना है कि विभाग हरकत में आता भी है या नहीं।

# अलख में विद्यमान शिव का विभुत्व- श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सर्वशक्ति-सम्पन्नता का द्वैतक शिव चराचर जगत में व्याप्त है जिसकी अलख अनेकानेक रूपो में प्रकट होने की स्थिति को अगम्य बताता है, अर्थात वह गुण जिसमें कोई सत्ता या शक्ति सब ओर व्याप्त होती है, पर दिखती नहीं अनादि से अनंत तक केवल सर्वव्यापकता रूप में विद्यमान है। संक्षिप्त में ईश्वर का सर्वत्र होने वाला व्यापक स्वरूप धर्म और दर्शन में विभुत्व कहा गया जो मुख्यतः ईश्वर की महिमा, सामर्थ्य और सर्वत्र-व्यापक स्वरूप को सूचित करता है। यह कथन श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी के रुद्र संहिता के व्याख्यान रूपी उद्बोधन का है जो काशी के शिवपुर में चल रही कथा की प्रासंगिकता को दर्शाती हैं। 'एको देवो महादेवो विज्ञेयस्तु महेश्वरः। न



तस्य परमं किञ्चित्पदं समधिगम्यते' दिव्य देवता उनके स्थूलरूप को देखते हैं, दिव्ययोगीवृन्द परमपिता परमात्मा को प्रसन्न करने का एकमात्र उपाय वेदनिर्दिष्ट धर्म को बताते है जिसका श्रुति वाक्य 'प्रसादसाधनं धर्मः' नित्य निरन्तर-नियमित धर्म का अभ्यास करने से जन्म-जन्मान्तर-कल्प-कल्पान्तर से संचित पापराशि नष्ट हो जाती है- 'पापपरिक्षयः' इससे प्राणी अमल आत्मा हो जाता है। साथ ही साथ सर्वेश्वर शिव की ज्ञानपूर्ण-भक्ति प्राप्त होती है।

# साधक की प्रसन्नता में ही ईश्वर की प्रसन्नता है -श्री कौशिक जी

छतरपुर।

जिस किसी जीव मात्र ने भगवान को पहचान लिया, सृष्टि के रचयिता को जान लिया, उसने जब यह समझ लिया कि परमात्मा श्री कृष्ण ही तीनों कालों में भक्त पर कृपा करते है। वही वो परम तत्व है जिनकी दया दृष्टि से चर-अचर सभी प्राणी एवं प्रकृति स्थिर है, तब वह भक्त परमात्मा को समर्पित हो जाता है। ये उद्गार चेतगिर मंदिर में चल रही भागवत कथा में बुधवार को भगवती प्रसाद जी कौशिक ने प्रकट किए। उन्होंने कहा कि अनेक प्रकार के कर्म करता हुआ जीव विभिन्न योनियों में जन्म लेते हुए मनुष्य शरीर को प्राप्त करता है। इस जन्म में वह संत, गुरू की शरणागति होने पर अनुष्ठान में बैठता है तो भी वह अपार शांति का अनुभव करता है।



मनु कर्दम संवाद का विशिखेषण करते हुए श्री कौशिक जी ने कहा कि श्री कर्दम जी महाराज ने अपने पिता श्रीब्रह्मा जी की आज्ञा पाकर वन में जाकर धर्मानुष्ठान प्रारंभ किया। जिससे उन्हें भगवान की कृपा के साथ-साथ परम शांति का अनुभव हुआ और उन्होंने साधना में हजारों वर्ष वहीं बिता दिए। साधना के कारण मन निर्मल तथा तन उज्जवल हो गया। मन से सभी प्रकार की लालसाएं समाप्त हो गईं। श्री कौशिक जी कहते है भले ही भक्त के मन में किसी प्रकार की कोई इच्छा न हो पर भगवान तो भक्त को सभी प्रकार का सुख प्रदान करते हैं। जैसे पिता अपने पुत्र की सभी इच्छाएं पूर्ण करता है ठीक उसी प्रकार भगवान भी अपने भक्त को सभी सुख देते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे मां हर दुख सहकर अपने बेटे को प्रसन्न देखना चाहती है वैसे ही ईश्वर भी अपने साधक को हमेशा प्रफुल्लित देखना चाहता है।

खबर संक्षेप

## चलती ट्रेन से धक्का देने का आरोप, महिला का पैर कटा

**हरिभूमि न्यूज:** कटनी सिंगरौली रेलखंड पर खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन में एक भीषण हादसा हो गया जिसमें इंटरसिटी एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गई। चलती ट्रेन से धक्का दिए जाने के कारण महिला का एक पैर कटकर अलग हो गया जबकि दूसरे पैर में भी गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के डबरौहा गांव की रहने वाली 40 वर्षीय मीना सिंह पति नंदकुमार सिंह गोंड अपनी बहन रोशनी सिंह गौड़ के साथ विजय सोता स्टेशन से करेली मजदूरी के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस में सवार हुई थीं। घायल महिला ने बताया कि वह स्लीपर कोच में यात्रा कर रही थीं। इसी दौरान खन्ना बंजारी स्टेशन पर टिकट चेकर (टीसी) के साथ विवाद हो गया। आरोप है कि टीसी द्वारा उन्हें चलती ट्रेन से नीचे उतरने के लिए कहा गया और ट्रेन पूरी तरह रुकने से पहले ही उन्हें धक्का दे दिया गया। घटना के बाद स्टेशन में अफरा-तफरी मच गई। उपस्थित लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। पायलट रमाकांत द्विवेदी व उनकी टीम ने मीना सिंह को गंभीर हालत में बरही अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे अधिकारियों व पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बिजली विभाग ने की कारवाई, मोटर पंप सहित तार किया जब्त

**हरिभूमि न्यूज:** स्लीमनाबाद

रबी सीजन कृषि कार्य चल रहा है विद्युत विभाग भी एक्शन मै आ गया है बिजली विभाग के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।रबी सीजन की खेती मैं अवैध तरीके से विद्युत उपयोग पर भी कार्रवाई की जा रही है।मंगलवार को स्लीमनाबाद विद्युत वितरण केंद्र की टीम ने विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत आने वाले गाँवों मै जाकर चेकिंग अभियान चलाया जहां वो किसानों के खेतों में पहुँचे। कहीं घरेलू विद्युत पोल से लाइन खींचकर कृषि कार्य करने, बिना परमानेंट कनैक्शन के बिजली उपयोग व बिना टीसी लिए विद्युत उपयोग करने पर लगभग आधा सैकड़ा किसानों पर कार्रवाई की गईं। कार्रवाई के दौरान कनिष्ठ अभियंता सुमित सिन्हा,अनिल तिवारी,देवेंद्र दुबे, ओमप्रकाश यादव, विनय हल्दकार, दिवाकर मेहरा,राहुल त्रिपाठी उपस्थित रहे। कनिष्ठ अभियंता सुमित सिन्हा ने बताया कि स्लीमनाबाद के सलैया, डहुली, कनोजा, मटवारा, बंधी सहित अन्य गाँवो पहुंचकर विद्युत टीम ने दबिश दी!जहाँ खेतों मै पहुंचकर विद्युत विभाग की टीम ने दो दर्जन किसानों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की गईं। विद्युत विभाग की टीम द्वारा मोटर पम्प व तार जब्त की गईं ओर अवैध तरीके से विद्युत चोरी का प्रकरण बनाया गया।इन सभी लोगो के विरूद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्रकरण भी दर्ज किया जाएगा।

## कबड्डी में तेवरी हायर सेकेण्डरी विद्यालय बालक वर्ग में बना विजेता, किया पुरस्कृत

**हरिभूमि न्यूज: स्लीमनाबाद**

सांसद खेल महोत्सव का विधानसभा स्तरीय आयोजन स्लीमनाबाद खेल स्टेडियम मै चल रहा है जहाँ विभिन्न खेल -कूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही है। मंगलवार को बालक व बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई जहाँ सांसद खेल महोत्सव मै मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, विधायक प्रणय पांडे, महामंत्री सुनील उपाध्याय, संयोजक विजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, सहसंयोजक सुनील रतन गुप्ता व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत फिट युवा फॉर विकसित भारत की थीम में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई। जूनियर बालक वर्ग फाइनल में शासकीय ठाकुर बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी ने उत्कृष्ट विद्यालय बहोरीबंद को 39–20 से हराकर जूनियर का खिताब जीता और कबड्डी जूनियर बालिका वर्ग में तेवरी विद्यालय उपविजेता बना!इस दौरान थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन,बीआरसी प्रशांत मिश्रा,रवि दुबे,संकुल प्राचार्य मनोज हल्दकार, खेल प्रभारी महेंद्र सिंह, सरपंच काजल रजक, जनपद पंचायत सदस्य कमलेश कुमार जैन,खेल समन्वयक चेतना झा, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन विन्ध्य क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए वरदान साबित होगी

# निर्माण में उपयोग की जा रही खनिजों की रायल्टी जमा कराएं - कमिश्नर

रीवा।

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने रेल परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में भू-अर्जन के प्रकरणों तथा रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की जिलेवार समीक्षा की गई। कमिश्नर ने कहा कि रेलवे के अधिकारी प्रशासनिक अधिकारियों से समन्वय बनाकर निर्माण कार्य कराएं। ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन विन्ध्य क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए वरदान साबित होगी। इस परियोजना के निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूरा कराएं। सतना जिले में भू-अर्जन का कार्य पूरा हो गया है। सीधी जिले में भी कुछ स्थानों को छोड़कर भू-अर्जन का कार्य कर लिया गया है। कलेक्टर कार्यालय से निरंतर संपर्क में रहकर भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की हर बाधा दूर की जाएगी। कमिश्नर ने कहा कि निर्माण कार्यों में ठेकेदारों द्वारा भारी मात्रा में मिट्टी, गिट्टी और रेत का उपयोग किया जा रहा है। खनिज विभाग से अनुमति मिलने के बाद ही उत्खनन कार्य करें। निर्माण कार्यों में उपयोग की जा रही मिट्टी, गिट्टी और रेत की रायल्टी ठेकेदार से जमा कराएं। निर्माण कार्यों को पूरा कराने में समन्वय के साथ प्रयास करें। रीवा से बघवार तथा बघवार से चुरहट तक रेलवे लाइन निर्माण में उपयोग की गई मिट्टी तथा अन्य सामग्री की पूरी जानकारी खनिज अधिकारी को उपलब्ध कराएं। रेल परियोजना से जुड़े ठेकेदार यदि अवैध उत्खनन करते पाए जाएंगे तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा जिले में रेलवे का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस ने बताया कि सतना से पन्ना जिले की सीमा तक रेलवे लाइन निर्माण के लिए भू-अर्जन के चार प्रकरण छोड़कर शेष सभी प्रकरण निराकृत कर दिए गए हैं। सतना-रीवा रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए भी भू-अर्जन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। बगहाई से रामवन सेक्शन में रेल निर्माण कार्य किया जा रहा है। बैठक में कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी ने बताया कि बघवार से रामपुर नैकिन तक रेलवे लाइन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। रामपुर नैकिन से सीधी के बीच में जिन स्थानों पर रेलवे ओवर ब्रिज बनाया जाना है वहाँ भू-अर्जन के पूरक प्रस्तावों पर कार्यवाही की जा रही है। एसडीएम चुरहट 15 दिवस में सभी प्रकरण निराकृत कर देंगे। रेलवे परियोजना में काम कर रहे ठेकेदार अनुमति लेकर ही मिट्टी का उत्खनन करें तथा खनिज पदार्थों की निर्धारित दरों के अनुसार रायल्टी जमा करें। किसी भी स्थिति में अवैध उत्खनन सहन नहीं किया जाएगा। बैठक में रेलवे के प्रतिनिधि एके मीणा ने बताया कि खनिज पदार्थों की पूरी रायल्टी जमा कराई जाएगी। रीवा से रामपुर नैकिन तक रेल लाइन का कार्य पूरा हो गया है। जनवरी माह तक चुरहट और फरवरी माह तक सीधी तक लाइन बिछा दी जाएगी। अगले वर्ष दिसम्बर तक सीधी जिले में बहरी तक रेल लाइन बिछाने का लक्ष्य रखा गया है। सतना से पन्ना रेल लाइन में सतना से देवेन्द्र नगर तक रेल लाइन बिछाने का कार्य जनवरी महीने तक पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में संयुक्त आयुक्त एलएल अहिरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविंद श्रीवास्तव, एसडीएम हुजूर, चुरहट, सीधी तथा सिहावल, खनिज विभाग के अधिकारी एवं रेल परियोजना से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे





## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 17 दिसंबर से

रीवा

दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाने के लिए पशुपालकों से गृह भेंट कर नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य को व्यापक रूप से जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदेश में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान 17 दिसंबर से प्रारंभ होगा।

द्वितीय चरण के इस अभियान की अवधि सात दिन से 15 दिन रखी गयी है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुपालकों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान, तकनीकी जागरूकता तथा उनकी आय को दुगनी करने के उद्देश्य से संचालित किये जा रहे अभियान में पांच से 9 गौवंशीय तथा भैंसवंशीय पशु रखने वाले पशुपालकों से संपर्क किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि द्वितीय चरण के अभियान में दिशा निर्देशों का पालन करते हुए विभागीय अधिकारी, मैत्री, गौसेवक, पशुसखी एवं अन्य का तिथिवार व ग्रामवार रूटचार्ट तैयार कर दैनिक लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा है कि अभियान के प्रथम चरण में चयनित पशुपालकों द्वारा द्वितीय चरण में अन्य पशुपालकों को दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के संबंध में जागरूक किया जाय।

# केन्द्रीय कारागार में मनाया गया मानवाधिकार दिवस



**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्रा के नेतृत्व में केन्द्रीय कारागार में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश श्रीमती अंजली पारे ने बंदीगणों को मानवाधिकार की जानकारी देते हुये कहा कि मानवाधिकार वे अधिकार है जो कि प्रत्येक मानव को जन्म से ही, प्राप्त है। औद्योगिक न्यायालय के मेम्बर जज श्री के.के. मिश्रा ने मानवा अधिकारो की उत्पत्ति के इतिहास के बारे मे प्रकाश डाला। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्र ने जेल में बंदियों के मानवाधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी। जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जेल उपाधीक्षक श्याम सिंह कुशवाहा, संजीव गेदले, लीगल डिफ्रेस काउसिल डिप्टी चीफ मंजूर अहमद मंसूरी, पैरालीगल वालेंटियर भीम सिंह, श्लेशा शुक्ला, आस्था शुक्ला एवं उर्वशी ताम्रकार तथा जेल के बंदीगण उपस्थित रहे।

## कलेक्टर आज करेंगी आजीविका मिशन की समीक्षा

रीवा।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 11 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक में आजीविका मिशन के तहत पंजीकृत महिला स्वसहायता समूहों के कार्यों, ऋण वितरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला प्रबंधक आजीविका मिशन, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### चिरहुला मंदिर पार्किंग में आज लगेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 18 दिसम्बर तक निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। चिरहुला मंदिर पार्किंग में 11 दिसम्बर को निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाएगा। शिविर में चिकित्सकों के दल तथा तकनीशियन तैनात रहेंगे। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी को शिविर में उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

## जिला नियंत्रण कक्ष के संचालन में लापरवाही पर 25 हजार जुर्माना

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिला नियंत्रण कक्ष डीसीसी के संचालन में लापरवाही बरतने तथा नियंत्रण कक्ष में तैनात कर्मचारियों को आवश्यक उपकरण एवं वेतन का भुगतान न करने पर 25 हजार का जुर्माना लगाया है। कलेक्टर ने नियंत्रण कक्ष को संचालित करने वाले नोवेशन इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि अभिषेक सोनी पर 25 हजार जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि तीन दिन की समय सीमा में जिला ई गवर्नेंस सोसायटी के खाते में जमा करने के आदेश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार सोनी को काल सेंटर तथा कंट्रोल रूम के संचालन के लिए कई निर्देश दिए गए। कंट्रोल रूम में कमियाँ पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया जिसका संतोषजनक उत्तर न देने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई।

## राजकपूर की जन्म शताब्दी पर होगा तीन दिवसीय फिल्मोत्सवरेवा

### फिल्म फेस्टो 2025 का आयोजन 12 से 14 दिसम्बर




रीवा। महान फिल्म अभिनेता और निदेशक राज कपूर की 101वीं जयंती पर रीवा में तीन दिवसीय फिल्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में 12 से 14 दिसम्बर तक रेवा फिल्म फेस्टो 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, रीवा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धमेन्द्र लोधी शामिल होंगे। तीन दिवसीय फिल्मोत्सव में प्रसिद्ध अभिनेता सोनू सूद, हॉलीवुड अभिनेत्री इलीना, फिल्म अभिनेत्री पूजा चोपड़ा, अभिनेता अर्जुन द्विवेदी, अभिनेत्री विन्ध्या तिवारी, वाइस आर्टिस्ट पारूल भटनागर, मिसेज इंडिया स्नेहल आचार्य, फेमिना मिस इंडिया मान्या सिंह, अभिनेता शांतनु शुक्ला, गायक अविनाश सिंह परिहार तथा हास्य कलाकार रोहित प्यारे अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरेंगे।

खनिज पदार्थों के उत्खनन के लिए नए ब्लाकों का खनिज विभाग चिन्हांकन

## वन और खनिज विभाग संयुक्त रूप से सर्वे के बाद प्रस्ताव प्रस्तुत करें - कमिश्नर



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में खनि रियायत संबंधी प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि शासन की नीति के अनुसार खनिज पदार्थों के उत्खनन के लिए नए ब्लाकों का खनिज विभाग चिन्हांकन करे। उत्खनन की अनुमति देते समय वनों और पर्यावरण की सुरक्षा का भी पूरा ध्या रखें। सतना, मैहर और सीधी जिले में उत्खनन की अनुमति देने के लिए जो प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं उनमें पूरा विवरण दर्ज करें। वन और खनिज विभाग संयुक्त रूप से सर्वे करने के बाद अनुमति के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करें। वन विभाग द्वारा सहमति देने के बाद ही प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी। खनि रियायत के प्रस्ताव तैयार करते समय शासन की नीतियों तथा पर्यावरण संरक्षण के निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें। बैठक में मुख्य वन संरक्षक राजेश राय ने कहा कि खनिज अधिकारी और वनमण्डलाधिकारी प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण कर लें। वन विभाग की गाइडलाइन का पालन करते हुए प्रस्ताव प्रस्तुत करने पर कोई आपत्ति नहीं होगी। बैठक में कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, वनमण्डलाधिकारी सतना मयंक चांदीवाल, संयुक्त आयुक्त एलएल अहिरवार, प्रभारी उप संचालक खनिज बसंतराम, खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें - कलेक्टर संजय जैन

# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण करायें - कलेक्टर

**मऊगंज।** कलेक्टर कार्यालय मऊगंज में आयोजित टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का अभियान चलाकर निराकरण करायें तथा 50 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों का तत्परतापूर्वक निराकरण करें। कार्यालय प्रमुख आवेदकों से स्वयं चर्चा करें तथा लंबित प्रकरणों में लेबल तीन में लंबित आवेदनों के निराकरण में विशेष ध्यान दें।



बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनायें। मऊगंज एवं हनुमना में स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि मरीजों को स्वास्थ्य केन्द्रों में समुचित उपचार मिले तथा उनकी निःशुल्क जांच हो। कलेक्टर ने विकासखण्ड स्तर तक ई-आफिस के माध्यम से फाइलों के संचालक के निर्देश दिये। उन्होंने वनाधिकार के दावे प्रस्तुत करने तथा भू आवंटन में तत्परता बरतने के निर्देश एसडीएम को दिये। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्थापित धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें रहें तथा किसानों को धान विक्री में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने जिले में लखपति दीदी कार्यक्रम में न्यून प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की तथा इसमें तत्काल सुधार के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव में सभी तैयारियाँ व व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह आयोजन की आगामी तिथियों में सभी व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर ए.पी. द्विवेदी, एसडीएम राजेश मेहता, एसडीएम रश्मि चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर पवन गुरैया सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शासकीय तालाब से सिंचाई पर किसान की मोटर की गई जब्त



**कटनी।** बिना अनुमति के शासकीय तालाब से सिंचाई करने पर मंगलवार को तहसील बहोरीबंद के ग्राम सांडा के कृषक किशन यादव पिता भागचंद यादव की मोटर जब्त कर ली गई। एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया ने बताया कि ग्राम सांड़ा में जनपद पंचायत द्वारा खसरा नंबर 412/1, रकबा 10.58 हेक्टेयर के अंश भाग पर निर्मित तालाब में राजस्व अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान कृषक किशन यादव तालाब में 1.5 एचपी की विद्युत मोटर लगाकर अवैध रूप से सिंचाई करते पाये गये। किशन यादव के पास तालाब से सिंचाई की अनुमति या कोई वैध दस्तावेज़ नहीं था। इसके बाद, मौके पर ही 1.5 एचपी की मोटर, 10 फिट लंबे डेलवरी पाइप और 3 फिट लंबे काले पाइप को जब्त कर लिया गया।